InfoBeans
CREATING WOW!

Regd. Office :
SEZ Unit : Crystal IT Park,
STP-I, 2nd Floor,
Ring Road,
Indore - 452 001 (M.P.) India
T : +91 731 7162000

PUNE :
Unit 101-C, Level 1, Delta -1,
Giga Space IT Park,
Viman Nagar,
Pune - 411014 (M.H.), India
T : +91 20 67211838

**Date: 10th November, 2022**

| | |
|---|---|
| **To,**<br>**The Manager**<br>**Listing Dept.**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**Listing Department**<br>**Exchange Plaza, C-1, Block G,**<br>**Bandra Kurla Complex,**<br>**Bandra (E), Mumbai – 400051**<br>**SYMBOL: INFOBEAN** | **To,**<br>**The Manager**<br>**Listing Dept.**<br>**BSE Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**<br>**Dalal Street,**<br>**Mumbai-400001**<br>**MH- IN**<br>**SYMBOL: INFOBEAN**<br>**Scrip Code: 543644** |

**Subject : Press Release**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed press release for the listing of our company, InfoBeans Technologies Limited (CIN: L72200MP2011PLC025622) at BSE (Bombay Stock Exchange) Ltd.

You are requested to please take the same on your records.

Thanking You
Yours Faithfully

**For InfoBeans Technologies Ltd**

Surbhi Jain

InfoBeans Technologies Limited INDORE

**Surbhi Jain**
**Company Secretary and Compliance Officer**

InfoBeans
CREATING WOW!

इंफोबीन्स टेक्नोलॉजिज लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति तत्काल प्रकाशन हेतु

# 'एमपी की एमएनसी' इंफोबीन्स हुई बीएसई पर सूचीबद्ध: मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ओपनिंग बेल समारोह के दौरान घंटी बजाने की रस्म अदा किया

उत्तर अमेरिकी क्षेत्र में विस्तार पर जोर देने के लिए अमेरिकी आईटी कंपनियों के अधिग्रहण का इरादा




**मुंबई, 10 नवंबर, 2022:** इंफोबीन्स टेक्नोलॉजिज लिमिटेड ("इंफोबीन्स" या "कंपनी"), देश के प्रीमियर स्टॉक एक्सचेंज, बीएसई पर सूचीबद्ध हो गया। इसका ओपनिंग बेल लिस्टिंग समारोह श्री शिवराज सिंह चौहान (माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश), और इंफोबीन्स के सह-संस्थापक, सिद्धार्थ सेठी एवं अविनाश सेठी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री राजवर्धन सिंह दातीगांव (माननीय मंत्री, औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन विभाग – डीआईपीपी, भारत सरकार) और श्री संजय कुमार शुक्ला (आईएएस) (प्रधान सचिव, [1] डीआईपीपी, भारत सरकार) भी उपस्थित थे।

'एमपी की एमएनसी' के नाम से लोकप्रिय इंफोबीन्स का परिचालन कैलेंडर वर्ष 2000 में एक गैरेज से शुरू हुआ और अभी दुनिया भर के 13 स्थानों में इसकी उपस्थिति है और इसकी टीम में 1,600+ सदस्य हैं। तेजी से बढ़ती यह डिजिटल परिवर्तन सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात दुबई और ऑस्ट्रेलिया में 350+ ग्राहकों को सेवा प्रदान कर चुकी है। इंफोबीन्स के प्रमुख उद्यमीय ग्राहकों में अमेज़ॅन, एमेक्स, आईक्यूवीआईए, एएलएम, मेटा और ओला शामिल हैं। इंफोबीन्स ने घोषणा की कि वह उत्तर अमेरिकी क्षेत्र में विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेगा और उसका इरादा अमेरिका स्थित परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने का है। यह डिजिटल परिवर्तन की सर्वाधिक मांग वाले भौगोलिक क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत करना चाहता है।

'एमपी की एमएनसी' इंफोबीन्स की बीएसई पर सूचीबद्धता उसी वक्त संपन्न हुई जब मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान की अगुवाई में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के उभरते औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, अनुकूल नीतियों और इसके समग्र विकास को प्रदर्शित किया जा रहा था। उन्होंने इंदौर में 11 और 12 जनवरी 2023 को होने वाले आगामी 'इन्वेस्ट मध्य प्रदेश - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के लिए निमंत्रण दिया, और सीआईआई के सहयोग से "मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर" विषय पर आयोजित परस्पर संवादात्मक सत्र में भाग लिया।

इंफोबीन्स के सह-संस्थापक, सिद्धार्थ सेठी ने कहा, “यह बहुत गर्व की बात है कि मध्य प्रदेश में जन्मी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं प्रोडक्ट इंजीनियरिंग कंपनी, इंफोबीन्स अब सार्वजनिक रूप से बीएसई पर सूचीबद्ध है। हमारे दो दशकों से अधिक के सफर में, इंफोबीन्स ने मध्य प्रदेश में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर दिए हैं और लोग हमेशा से इसकी सभी गतिविधियों की [MM4] केंद्र में रहे हैं। हमारे माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बीएसई पर सूचीबद्धता हमारे लोगों, उनकी प्रतिभा और उनकी ग्राहकोन्मुखी उपलब्धियों के लिए बहुत बड़ा सम्मान है।"

इंफोबीन्स के सह-संस्थापक, मितेश बोहरा ने कहा, “इंफोबीन्स की बीएसई पर लिस्टिंग उस कंपनी के लिए एक और महत्वपूर्ण क्षण है जो भारत के दिल में शुरू हुई और अब वैश्विक स्तर पर अपने पंख पसार चुकी है। क्रिएटिंग वाउ! यह सिर्फ इंफोबीन्स का टैगलाइन ही नहीं है, बल्कि यही हमारा धर्म है! इस प्रतिष्ठित मंच पर और गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में, इंफोबीन्स ने प्रदर्शित किया है कि कैसे उभरते भारत (इमर्जिंग भारत) से भविष्य का तेज रूप अपने ग्राहकों को उनकी जटिल व्यावसायिक समस्याओं को हल करते हुए सर्वोत्तम सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके असाधारण मूल्य प्रदान करने का प्रयास करता है।

इंफोबीन्स के सह-संस्थापक, अविनाश सेठी ने कहा, “बीएसई पर लिस्टिंग की इस यादगार उपलब्धि के बाद, हम अपने विकास के अगले अध्याय को खोलने के लिए तैयार हैं। हम वैश्विक स्तर पर राजस्व बढ़ाने और ब्लॉकचेन, ऑटोमेशन, सेल्सफोर्स एवं सर्विस नाउ जैसी नई प्रौद्योगिकियों की हमारी मिश्रित क्षमता का विस्तार करने हेतु भारी निवेश कर रहे हैं। इंफोबीन्स को सेल्सफोर्स, सर्विसनाउ, माइक्रोसॉफ्ट, यूआईपैथ और ऑटोमैटिक का मजबूत साथ प्राप्त है। हमारी सेवाएं निगमों को उनके व्यवसायों को डिजिटल रूप से बदलने और प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं।"

अपने विकास को गति देने के लिए, इंफोबीन्स ने हाल ही में पुणे में अपनी टीम के सदस्यों के लिए एक नई 500+ सीटिंग फैसिलिटी खोला है। इसने महामारी के दौरान 2021 में पुणे स्थित कंपनी इटर्नस सॉल्यूशंस का अधिग्रहण किया। इसने 2019 में अमेरिका स्थित कंपनी फिलॉसफी ग्रुप, इंक का अधिग्रहण किया। इसने 2021 और 2022 में विभिन्न कॉलेजों से 200 फ्रेश इंजीनियर्स नियुक्त किए। इसने 500 से अधिक प्रतिभाशाली पेशेवरों को बैंगलोर, एनसीआर, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहरों से मध्य प्रदेश में वापस लाया --- और ब्रेन ड्रेन को उलट दिया!

वर्ष 2000 में स्थापित, इंफोबीन्स अब एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध डिजिटल परिवर्तन और उत्पाद इंजीनियरिंग कंपनी है जिसे 1,600+ सदस्यों का बल प्राप्त है। 2011 से, यह हर तीन साल में खुद को दोगुना कर रही है। और अब यह 13+ फॉर्च्यून 500 ग्राहकों, कई बिलियन डॉलर राजस्व वाले 11 + ग्राहकों और 6 + सक्रिय यूनिकॉर्न के साथ काम कर रही है।

इंफोबीन्स ने ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक रणनीतियों के माध्यम से स्केलेबल पाथ को परिभाषित किया है। ऑर्गेनिक मोर्चे पर, यह क्रॉस सेलिंग को चलाने के लिए क्लाउड विशेषज्ञता वाली कंपनियों को प्राथमिकता देने के लिए समर्पित आउटबाउंड बिक्री प्रयासों में निवेश करेगी। यह मौजूदा क्लाइंट्स; डेटा, एनालिटिक्स, एआई और एमएल क्षमताओं का विस्तार करना जारी रखेगी। यह एंटरप्राइज़ क्लाइंट में प्रवेश करने और क्रॉस - सेलिंग बढ़ाने के लिए सेल्सफोर्स और सर्विसनाउ का लाभ उठाएगी; एंटरप्राइज़ क्लाइंट और मिशन महत्वपूर्ण समाधानों वाली कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह ग्राहकों को भविष्य के लिए तैयार समाधान प्रदान करने के लिए मजबूत आर एंड डी क्षमताओं का निर्माण करेगी; यूआई व्यवसाय बढ़ाने के लिए भारत आधारित लक्ष्यों का लाभ उठाएगी।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: सीए. मृदुल माहेश्वरी फ़ोन: 07317162102 ईमेल: investor.relations@infobeans.com